Title: Regarding alleged fraud by NEXA Company in Sikar (Rajasthan).

श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर): सभापति जी, मैं आपके माध्यम से एक बहुत ही गम्भीर विषय सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं । राजस्थान में सीकर सहित अनेक जिलों में नेक्सा नाम से एक कंपनी आई । उसने वहां कार्यालय स्थापित किए । कुछ प्रभावशाली लोगों को बहका करके, फुसला करके ढोलेरा सिटी में पूंजी इनवेस्ट करने के लिए लोगों से पैसा उठाया । एक साल तक वे लाभांश का रिटर्न भी देते रहे । इसके बाद परिणाम यह हुआ कि जब हजारों लोगों के हजारों-करोड़ रुपये उनके पास आ गए, तो वह कंपनी गायब हो गई । आज हजारों परिवार इस प्रकार के हैं, जो हैंड टू माउथ हो चुके हैं । उनकी जमीन और मकान के नीलाम होने की स्थिति आ चुकी है । राजस्थान सरकार में सैकड़ों एफआईआर हो चुकी हैं । क्योंकि इसमें बहुत से प्रभावशाली लोग इनवॉल्व्ड हैं, तो वहां कार्रवाई नहीं हो रही है ।

मेरा माननीय केंद्रीय गृह मंत्री जी से निवेदन है कि सीबीआई के माध्यम से इस कांड की जांच कराई जाए और इस कंपनी के लोगों को अरेस्ट किया जाए, ताकि लोगों को न्याय मिल सके और उनके पैसे वापस लौटाये जा सकें ।